प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 19.08.2025 समय : 09:00 ए.एम.

- केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना पोर्टल लॉच किया।
- राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग आज से प्रदेश के दौरे पर।
- उच्च न्यायालय ने स्कूलों की इमारतों की बदहाल स्थिति से जुड़े मामले में राज्य सरकार को 22 अगस्त तक जवाब पेश करने को कहा।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स–2025 की कार्ययोजना को लेकर समीक्षा बैठक की।

केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना पोर्टल लॉच कर दिया है। इस योजना के अनुसार रोजगार के नए अवसर पैदा करने के लिए नए युवाओं को दो किश्तों में 15 हजार रुपये तक और नियोक्ताओं को प्रति नए कर्मचारी तीन हजार रुपये प्रति माह तक का प्रोत्साहन दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधन में इस योजना की घोषणा की थी। योजना का उद्देश्य दो वर्षों की अवधि में देश में साढे तीन करोड़ से अधिक रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करना है। साथ ही विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष ध्यान देते हुए, सभी क्षेत्रों में रोजगार सृजन, रोजगार क्षमता और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देना है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अगली पीढ़ी के सुधारों की कार्य–योजना की समीक्षा के लिए कल उच्च स्तरीय बैठक की। इसके तहत जीवन में आसानी, कारोबार सुगमता और समावेशी समृद्धि के उपायों पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया। श्री मोदी के स्वतंत्रता दिवस संबोधन के बाद यह उच्चस्तरीय बैठक बुलाई गई। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने जीएसटी सुधारों और कर भार कम करने के रूप में दीवाली उपहार का वायदा किया था।

उच्चस्तरीय बैठक के बाद प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि सरकार सभी क्षेत्रों में तेजी से सुधार लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। इन सुधारों का उद्देश्य जीवन में आसानी लाना, कारोबार सुगमता और समृद्धि को बढ़ावा देना है। बैठक में केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह और नितिन गडकरी भी मौजूद थे।

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग आज से प्रदेश के दौरे पर रहेगा। दो दिन की इस यात्रा के दौरान आयोग राज्य सरकार, पुलिस के आला अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और अनुसूचित जाति के कल्याण से जुड़ी संस्थाओं के साथ चर्चा करेगा। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के निदेशक आशीष मोदी ने बताया कि इस दौरान आयोग के अध्यक्ष किशोर मकवाना सदस्यों के साथ अनुसूचित जाति वर्ग के सामाजिक उत्थान के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही आयोग जामडोली परिसर में एससी छात्रों के लिए बने छात्रावास का भी निरीक्षण करेगा।

प्रदेश को भारतीय प्रशासनिक सेवा के चार नये अधिकारी मिल गये है। गैर प्रशासनिक सेवा के चारों अधिकारियों को आईएएस में नियुक्ति दी गई है। केन्द्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। इनमें सांख्यिकी विभाग के निदेशक डॉ. नीतीश शर्मा, आयोजना विभाग में संयुक्त सचिव नरेन्द्र कुमार मंघानी, कोष एवं लेखा की अतिरिक्त निदेशक अमिता शर्मा और राज्य बीमा प्रावधायी निधी सेवा के अधिकारी नरेश कुमार गोयल शामिल है। इन चारों अधिकारियों को 2022 की वैकेंसी के तहत आईएएस बनाया गया है। आगामी आदेश तक ये सभी मौजूदा पदों पर काम करते रहेंगे।

उच्च न्यायालय ने प्रदेश के स्कूलों की इमारतों की बदहाल स्थिति से जुड़े मामले में राज्य सरकार को जवाब पेश करने के लिए 22 अगस्त तक का समय दिया है। इसके साथ ही मामले में अदालत का सहयोग करने के लिए तीन न्यायमित्र नियुक्त किये है। ये आदेश न्यायमूर्ति महेन्द्र गोयल और न्यायमूर्ति अशोक कुमार जैन की

खंडपीठ ने प्रकरण में लिए गए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिए। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि मामले में जल्दी ही जवाब पेश कर दिया जाएगा। वहीं अन्य पक्षकारों ने भी जवाब के लिए समय मांगा। इस पर अदालत ने मामले में सुनवाई 22 अगस्त को तय की है।

प्रदेश में 5 सितंबर से प्रखर राजस्थान कार्यक्रम 2.0 चलाया जायेगा। इसके लिए मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान के तहत बच्चों की शैक्षिक प्रगति के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित धाराप्रवाह आकलन किया गया है। इस आकलन से प्राप्त आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर पढने् में कठिनाई महसूस कर रहे विद्यार्थियों के लिए प्रखर राजस्थान कार्यक्रम चलाया जायेगा। इसके लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की जा रही है। कार्ययोजना में शिक्षकों के अकादमिक सहयोग को बढाने के उद्देश्य से जयपुर के डॉ. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल में कार्यशाला रखी गई। इसमें प्रदेशभर से चयनित 50 से अधिक शिक्षकों ने भाग लिया। उन्हें एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग किट के उपयोग के बारे में बताया गया।

आज वर्ल्ड फोटोग्राफी डे है। इस अवसर पर प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। कई स्थानों पर फोटोग्राफी की वर्कशॉप रखी गई है, जहां लोगों को फोटोग्राफी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही नई तकनीकों के बारे में बताया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय ख्यातीप्राप्त जोधपुर के वरिष्ठ फोटोग्राफर शिवजी जोशी ने आकाशवाणी को फोटोग्राफी के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि ये विधा समाज के लिए बहुत उपयोगी है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार युवाओं को श्रेष्ठ खेल सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है। वे कल मुख्यमंत्री कार्यालय में युवा मामले और खेल विभाग की बजट घोषणाओं तथा खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स – 2025 की कार्ययोजना के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विभाग को खेल सुविधाओं के लगातार विस्तार और आधारभूत संरचनाओं को मजबूत बनाने के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। श्री शर्मा ने गेम्स के सफल संचालन के लिए मोबाइल ऐप डिजाइन करने को भी कहा। साथ ही खेल प्रशिक्षक सहित अन्य खाली पदों पर जल्द भर्ती करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कल ही नगरीय विकास और स्वायत्त शासन विभाग की समीक्षा बैठक भी की। उन्होंने अधिकारियों को नगरीय विकास से संबंधित प्रोजेक्ट्स को समय से पूरा करने और नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। श्री शर्मा ने हाउसिंग बोर्ड को अपनी योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार करने को कहा, ताकि आम लोगों को इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने जयपुर की द्रव्यवती नदी के आसपास से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। साथ ही जयपुर मेट्रो फेज–2 का काम समय पर पूरा करने को कहा।

राज्य में कुछ स्थानों पर हल्की बरसात का दौर जारी है। कल अजमेर, बांसवाड़ा, भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौडग़ढ़, धौलपुर, झालावाड़, कोटा, बाड़मेर और हनुमानगढ़ में हल्की बरसात दर्ज की गई। जैसलमेर में देर रात बूंदाबांदी हुई। वहीं बारां में दोपहर बाद हल्की बरसात से मौसम खुशनुमा हो गया। मौसम विभाग ने अगले तीन–चार दिन दक्षिणी राजस्थान के उदयपुर और जोधपुर संभाग में कुछ स्थानों पर मध्यम से भारी बारिश की संभावना व्यक्त की है। साथ ही कोटा, अजमेर, जयपुर, भरतपुर और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं गरज के साथ हल्की से मध्यम बरसात हो सकती है। आज जालौर, सिरोही, भरतपुर और करौली में हल्की से मध्यम बारिश का येलो अलर्ट है। इन स्थानों पर कहीं–कहीं बिजली भी गिर सकती है। साथ ही तेज रफ्तार हवायें चलने का पूर्वानुमान है।